C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 08 | बिजौलिया - शुक्रवार, 31 जुलाई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## गहलोत का सरकार पर बड़ा हमला: 'मैनेजमेंट बिगड़ा तो फिर होंगे पेपर लीक, श्रेय लेने से नहीं चलेगा काम '

### पूर्व मुख्यमंत्री बोले- हमारी सरकार के कानून का असर है, अगली बार कांग्रेस सरकार बनने का जताया भरोसा, सुशासन और विधानसभा चुनाव को लेकर भी साधा निशाना

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार के कामकाज, पेपर लीक रोकने के दावों, सुशासन और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एक साथ कई तीखे सवाल खड़े किए है । गहलोत ने दावा किया कि वर्तमान में पेपर लीक की घटनाएं कम होने का श्रेय मौजूदा सरकार नहीं, बल्कि उनकी सरकार द्वारा बनाए गए सख्त कानून और परीक्षा प्रणाली में किए गए बदलावों को जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि परीक्षा प्रबंधन मजबूत नहीं रखा गया तो भविष्य में फिर पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आ सकती हैं।

जयपुर स्थित सिविल लाइंस आवास पर मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा कि केवल सख्त कानून बना देने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, बल्कि पूरी व्यवस्था का ईमानदारी से संचालन भी उतना ही जरूरी है। उनका कहना था कि परीक्षा प्रक्रिया का प्रबंधन कमजोर हुआ तो भविष्य में फिर से पेपर लीक की घटनाएं देखने को मिल सकती हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जिस सफलता का दावा कर रही है, उसका



वास्तविक आधार उनकी सरकार के समय लागू किया गया सख्त कानून और परीक्षा प्रक्रिया में किए गए सुधार हैं। गहलोत ने कहा कि उनकी सरकार ने नकल और पेपर लीक के खिलाफ कठोर कानूनी प्रावधान लागू किए थे, जिनका असर आज भी दिखाई दे रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि ओएमआर शीट घोटाले में गिरफ्तार आरोपियों को जमानत मिल गई, लेकिन सरकार इस मामले में प्रभावी पैरवी और आगे की कार्रवाई करने में गंभीर नजर नहीं आई। उन्होंने कहा कि केवल श्रेय लेने से व्यवस्था मजबूत नहीं होती, बल्कि लगातार निगरानी और प्रभावी कार्रवाई जरूरी होती है।

लोकसभा में हाल ही में पारित नकल विरोधी कानून पर भी गहलोत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह के महत्वपूर्ण विधेयक विपक्ष से व्यापक चर्चा और सहमति के बाद लाए जाते तो बेहतर संदेश जाता। उन्होंने कहा कि राजस्थान में उनकी सरकार पहले ही ऐसा कानून लागू कर चुकी थी, जिसमें नकल माफिया के खिलाफ आजीवन कारावास, उनकी संपत्ति जब्त करने और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने जैसे कड़े प्रावधान शामिल किए गए थे।


उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि केवल सजा का प्रावधान होना पर्याप्त नहीं होता। जैसे चोरी के खिलाफ भी कानून बने हुए हैं, लेकिन चोरी की घटनाएं फिर भी होती हैं। उसी तरह यदि परीक्षा व्यवस्था का संचालन मजबूत नहीं होगा तो कानून के बावजूद पेपर लीक जैसी घटनाएं दोबारा सामने आ सकती हैं।

गहलोत ने राज्य सरकार के समग्र कामकाज पर भी सवाल उठाए और कहा कि प्रदेश में सरकार के प्रदर्शन को लेकर गांव-गांव और घर-घर चर्चा हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री को सलाह देते हुए कहा कि उन्हें यह जानना चाहिए कि जनता के बीच सरकार की चर्चा सकारात्मक है या नकारात्मक। उन्होंने कहा कि यदि कुशासन की स्थिति बनी रही तो सबसे अधिक नुकसान प्रदेश की जनता को होगा।

आगामी विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए गहलोत ने विश्वास जताया कि अगली बार कांग्रेस की सरकार बनेगी। हालांकि उन्होंने कहा कि विपक्ष होने के बावजूद उनकी इच्छा है कि मौजूदा सरकार अपने पूरे कार्यकाल में जनता को बेहतर सुशासन दे। उनका कहना था कि यदि सरकार अच्छा काम करती है तो इससे जनता का ही हित होगा।

केंद्र की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए गहलोत ने लोकसभा में राहुल गांधी के भाषणों के दौरान माइक बंद किए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि भले ही स्पीकर यह कहें कि माइक का बटन उनके पास नहीं होता, लेकिन सदन का संचालन उनकी देखरेख में होता है और अधिकारियों को जो निर्देश दिए जाते हैं, उसी के अनुसार व्यवस्था संचालित होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के भाषणों के दौरान माइक बंद होने की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं और यह लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं है।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई: 4 भट्टियां ध्वस्त, 4,800 लीटर वॉश नष्ट, 40 लीटर हथकढ़ शराब जब्त,2 महिलाएं गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ आबकारी विभाग का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में आबकारी निरोधक दल ने गुरुवार को भीलवाड़ा क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई के दौरान दो महिलाओं को अवैध हथकड़ शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया, जबकि चार अवैध भट्टियों को ध्वस्त कर हजारों लीटर वॉश नष्ट किया गया। आबकारी निरोधक दल के प्रभारी विनय जोशी के नेतृत्व में टीम ने सबसे पहले कोठारी नदी क्षेत्र में दबिश दी। यहां दो महिलाओं को अवैध हथकड़ शराब की बिक्री करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। मौके से 40 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई तथा शराब बनाने के लिए तैयार करीब 1,800 लीटर वॉश को नष्ट कर दिया गया।

इसके बाद टीम ने कुंवाड़ा खान क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए चार अवैध शराब भट्टियों को ध्वस्त किया। यहां छिपाकर रखा गया करीब 3,000 लीटर वॉश भी जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पूरे अभियान के दौरान आबकारी विभाग के साथ भीलवाड़ा सर्कल के सीआई आशीष शर्मा, नाथू सिंह एवं पुलिस जाब्ता मौजूद रहा। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## तीन सप्ताह बाद बिजौलिया नगर पालिका को मिला अधिशासी अधिकारी, तहसीलदार ललित डीडवानिया संभालेंगे अतिरिक्त प्रभार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**मानव तिवाड़ी।** नगर पालिका में करीब तीन सप्ताह से अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त रहने से प्रशासनिक कामकाज और आमजन से जुड़े जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे थे। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, निर्माण स्वीकृति, फाइलों के निस्तारण सहित कई प्रशासनिक कार्य लंबित होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। आखिरकार जिला प्रशासन ने व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए तहसीलदार ललित डीडवानिया को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है। बुधवार देर शाम उन्होंने अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया।

गौरतलब है कि स्वायत्त शासन विभाग के 10 जुलाई को जारी आदेश के तहत नगर पालिका बिजौलिया के अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल का तबादला टोंक जिले के पीपलू (निवाई) कर दिया गया था। तबादले के बाद से नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त चल रहा था, जिससे नगरवासियों के कई



आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे थे।

इसके बाद जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपखंड अधिकारी स्वाती झा ने तहसीलदार ललित डीडवानिया को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वहीं पंकज कुमार मंगल को रिलीव कर दिया है।

नगर पालिका को नया प्रशासनिक प्रभार मिलने से अब लंबित फाइलों के निस्तारण, विकास कार्यों की गति बढ़ने और आमजन से जुड़े कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। नगरवासियों को भी आवश्यक सेवाओं और प्रशासनिक कार्यों के लिए अब अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## सिलिकोसिस पीड़ितों को राहत में नहीं होगी देरी, सभी विभाग सर्वोच्च प्राथमिकता से करें कार्य : मुख्य सचिव

### लंबित सहायता व क्लेम प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश, उच्च जोखिम वाले खनन क्षेत्रों के नियमित निरीक्षण पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा है कि सिलिकोसिस एक लाइलाज बीमारी है, इसलिए इससे प्रभावित मरीजों के उपचार, पुनर्वास और आर्थिक सहायता से जुड़े सभी कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र मरीज तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे और किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी नहीं हो।

गुरुवार को शासन सचिवालय में आयोजित राजस्थान न्यूमोकोनियोसिस (सिलिकोसिस) नीति-2019 की राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक में मुख्य सचिव ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खान तथा श्रम विभाग को लंबित सहायता एवं क्लेम प्रकरणों के निस्तारण



के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही सिलिकोसिस उन्मूलन एवं प्रभावितों के कल्याण के लिए प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट (क्क्रू) स्थापित करने को भी कहा।

उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को सिलिकोसिस प्रभावित जिलों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एक्स-रे स्क्रीनिंग की समुचित व्यवस्था करने, मरीजों की नियमित निगरानी तथा फॉलो-अप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं खान विभाग को उच्च जोखिम वाले खनन एवं संबंधित उद्योगों का नियमित निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करवाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने को कहा।

बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि खान एवं श्रम विभाग लंबित भुगतान की राशि एक सप्ताह के भीतर नोडल विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि सहायता राशि का भुगतान शीघ्र किया जा सके।

बैठक में आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, विशेष योग्यजन विभाग इकबाल खान ने बताया कि राज्य सरकार की नीति के तहत प्रमाणित सिलिकोसिस मरीज को 3 लाख रुपये की एकमुश्त पुनर्वास सहायता दी जाती है। सिलिकोसिस से मृत्यु होने पर नामित व्यक्ति को 2 लाख रुपये तथा आश्रितों को 10 हजार रुपये की अंत्येष्टि सहायता प्रदान की जाती है।

प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बताया कि प्रदेश के 25 चिकित्सालयों में विशेष सिलिकोसिस कॉर्नर स्थापित किए गए हैं, जहां मरीजों को समर्पित चिकित्सा एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## 9 से 17 अगस्त तक चलेगा 'हर घर तिरंगा' अभियान, 14 अगस्त को मनाया जाएगा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में 9 से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत तिरंगा यात्राएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वंदे मातरम् का सामूहिक गायन, साइकिल एवं ई-बाइक रैलियां, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न आयोजन होंगे। वहीं 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' भी मनाया जाएगा।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सभी विभागों को अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, स्वतंत्रता सेनानियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और आमजन की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। इसके तहत विद्यालयों, महाविद्यालयों



और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में भी विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर देश के विभाजन की त्रासदी से प्रभावित लोगों के संघर्ष, बलिदान और साहस को याद करते हुए विशेष कार्यक्रम होंगे। इन आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराने के साथ सामाजिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया जाएगा। मुख्य सचिव ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि वे अभियान से पूरे उत्साह के साथ जुड़ें, अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों पर सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराएं तथा 'सेल्फी विद तिरंगा' अभियान में भाग लेकर इस राष्ट्रीय उत्सव को जन-जन का पर्व बनाएं।

## जहाजपुर में बजरी माफियाओं पर पुलिस का बड़ा प्रहार, 9 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

### लोकेशन लीक नेटवर्क पर कार्रवाई के बाद पुलिस ने बिना भनक दी दबिश, अवैध बजरी परिवहन पर कसा शिकंजा

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ थाना पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में सक्रिय बजरी माफियाओं पर करारा प्रहार किया। विशेष रणनीति के तहत की गई इस कार्रवाई में अवैध बजरी परिवहन में लगी 9 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया गया। पुलिस की इस दबिश से अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया और क्षेत्र में सक्रिय माफियाओं के नेटवर्क पर बड़ा असर देखने को मिला।

थानाधिकारी दयाराम चौधरी के निर्देशन में पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई को अंजाम दिया। हाल ही में अवैध खनन से जुड़े लोगों



तक पुलिस की गतिविधियों की जानकारी पहुंचाने वाले सोशल मीडिया लोकेशन शेयरिंग नेटवर्क पर हुई कार्रवाई के बाद यह पहला बड़ा अभियान माना जा रहा है। लोकेशन लीक होने का सिलसिला थमने से पुलिस बिना किसी भनक के मौके तक पहुंचने में सफल रही और कार्रवाई प्रभावी ढंग से पूरी की गई।

पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बिना वैध दस्तावेजों के बजरी परिवहन कर रही 9 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोककर जब्त कर लिया। सभी वाहनों को थाना परिसर लाया गया, जहां उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मामले की सूचना संबंधित विभाग को भी भेज दी गई है, ताकि आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके। थानाधिकारी दयाराम चौधरी ने स्पष्ट कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन और अवैध बजरी परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई को अवैध बजरी कारोबार पर बड़ी चोट माना जा रहा है।

C M Y K

# गौशाला परिसर में हुआ पौधरोपण, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने का आह्वान

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान तथा राजस्थान सरकार के वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को क्षेत्र के शंकरपुरा स्थित श्री देव गौ सेवा समिति में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता एवं समाजसेवी भरत सिंह राठौड़ ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण, मातृत्व सम्मान तथा आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 10 करोड़ पौधरोपण के ऐतिहासिक लक्ष्य को जनभागीदारी से ही सफल बनाया जा सकता है। प्रत्येक नागरिक को अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाकर उसकी संतान की तरह उसका संरक्षण और



देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की सतत जिम्मेदारी है। इस अवसर पर नारायण सिंह, मंगल सिंह, दिलखुश सैनी, रामपाल सैनी, प्रधान जाट, प्रभुलाल माली, हीरालाल माली, बाबूलाल, यादराम, देवराज, रामेश्वर, सांवरिया, दिनेश कुमार माली, ओमप्रकाश, हरिओम, हेमराज, खुशी, नंदनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गौसेवा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# शिवनगर में सीवरेज कार्य बना मुसीबत, सड़कें बदहाल;क्षेत्रवासी परेशान, कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, जल्द मरम्मत की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

शहर के शिवनगर क्षेत्र में अमृत-2 योजना के तहत चल रहे सीवरेज कार्य को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। करीब दो माह पहले पाइपलाइन डालने के लिए सड़कें खोदी गई थीं, लेकिन अब तक उनकी मरम्मत नहीं होने से पूरा क्षेत्र कीचड़, गंदगी और जाम नालियों की समस्या से जूझ रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोगों का पैदल निकलना तक मुश्किल हो गया है। गुरुवार को इसी समस्या को लेकर कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक के नेतृत्व में प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ जमकर विरोध जताया और



सीवरेज कार्य शीघ्र पूरा कर सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मनोज पालीवाल ने कहा कि स्थानीय निवासियों की शिकायत मिलने पर कांग्रेस नेताओं ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अमृत-2 योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क की सही तरीके से भराई नहीं की गई, जिससे पूरा रास्ता कीचड़ में तब्दील हो गया है और आमजन का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

पालीवाल ने आरोप लगाया कि पिछले दो माह से ऑटो-टीपर क्षेत्र में नहीं पहुंच पा रहे हैं, गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित है और स्कूली बच्चों को गंदगी से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक, सांसद और नगर निगम इस समस्या के समाधान में विफल रहे हैं, जबकि ठेकेदार मनमानी कर रहा है और प्रशासन पूरी तरह मौन बना हुआ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अमृत-2 योजना के कार्य में सरकार के एक कैबिनेट स्तर के मंत्री की कथित भागीदारी होने के कारण ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़कें दुरुस्त कर आमजन को राहत नहीं दी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# बिजौलिया में मोहर्रम पर निकला चालीसा का जुलूस, अखाड़ों के करतबों ने बांधा समां



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

**शुभम।** कस्बे में 40वें मोहर्रम के अवसर पर गुरुवार को चालीसा का जुलूस धार्मिक आस्था, अनुशासन और गंगा-जमुनी तहजीब के बीच निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए जुलूस कर्बला पहुंचा, जहां धार्मिक रस्में अदा की गईं।

चालीसा का जुलूस छोटी मस्जिद से शुरू होकर सदर बाजार, पंचायत चौक, सब्जी मंडी और तेजाजी का चौक होते हुए कर्बला पहुंचा। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने मातमी माहौल के बीच मोहर्रम की परंपराओं का निर्वहन किया।

मुस्लिम यूथ कमेटी के तत्वावधान में जुलूस मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर लंगर एवं छबील की व्यवस्था की गई। यहां श्रद्धालुओं और आमजन को शीतल पेय एवं प्रसाद वितरित किया गया।

जुलूस का मुख्य आकर्षण सिंगोली और नैनवा से आए अखाड़ों के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए पारंपरिक हैरतअंगेज करतब रहे। कलाकारों ने अपने कौशल का प्रदर्शन कर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। अखाड़ों की प्रस्तुतियों को देखने के लिए मार्ग पर बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के समापन पर छोटी मस्जिद परिसर में मुस्लिम यूथ कमेटी की ओर से सामूहिक आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान सौहार्द, शांति और भाईचारे का माहौल बना रहा।

# भीलवाड़ा दौरे पर एम.डी. चोपदार, पेपर लीक से लेकर किसानों के मुद्दे पर सरकार को घेरा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनीत चपलोत**

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एम.डी. चोपदार गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पहुंचे। सर्किट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पर कानून-व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, किसानों के मुद्दे और भ्रष्टाचार को लेकर तीखे आरोप लगाए।

चोपदार का स्वागत शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष जी.पी. खटीक, अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष हामिद रंगरेज तथा ग्रामीण जिलाध्यक्ष इकबाल मोहम्मद शाह के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों के बीच किया गया। उन्हें 51 किलो की पुष्पमाला, शॉल, साफा,





हल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पत्रकार वार्ता में चोपदार ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है, महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है तथा सरकार केवल प्रचार तक सीमित है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस सभी वर्गों और समुदायों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है तथा पंचायत और नगर निकाय चुनाव समय पर कराए जाने चाहिए।

पेपर लीक के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। वहीं किसानों के मुद्दे पर उन्होंने कृषि कानूनों के विरोध का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार को किसानों की समस्याओं के समाधान पर गंभीरता से काम करना चाहिए।

उन्होंने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नार्को टेस्ट संबंधी बयान का समर्थन करते हुए कहा कि यदि किसी मामले में निष्पक्ष जांच की बात होती है तो सभी संबंधित पक्षों की समान रूप से जांच होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कथित कृषि घोटाले के आरोपों की भी निष्पक्ष जांच की मांग की। चोपदार ने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत कर आगामी चुनावों की तैयारी करेगी।


कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य मोहम्मद याकूब, प्रदेश उपाध्यक्ष जफर टाक, प्रदेश सचिव अली मंसूरी, ग्रामीण जिलाध्यक्ष इकबाल शाह, हाजी इकबाल, शबनम डायर, सोनू कायमखानी, आरिफ बिसायती, ताहिर पठान, फारूक मंसूरी, कश्मीर शेख, हाजी उमर डायर, नफीस मुल्तानी, हाजी मोहम्मद हुसैन अंसारी सहित प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भीचोर रोड पर दिखा अजगर, वन विभाग ने सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**

**रोशन ।** बरूंदनी कालबेलिया चौराहा-भीचोर रोड पर गुरुवार को एक अजगर दिखाई देने से राहगीरों और ग्रामीणों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षित रेस्क्यू कर अजगर को उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, सड़क पर विशाल अजगर दिखाई देने की सूचना मिलने पर वनरक्षक रामकिशोर कासनियां अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू



अभियान में ग्रामीण शंकरलाल मीणा, गोवर्धन यादव, पप्पू यादव और रमेश रबारी सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया। वन विभाग की टीम ने पूरी सावधानी और प्रशिक्षित तरीके से अजगर का सफल रेस्क्यू किया। इसके बाद उसे सुरक्षित रूप से जंगल में उसके प्राकृतिक आवास के अनुकूल स्थान पर छोड़ दिया गया।

# सावन में शिवमय हुआ तिलस्वां महादेव धाम, पहले दिन गणपति स्थापना के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**नरेश धाकड़ ।** प्रदेश के प्रसिद्ध शिवधाम श्री तिलस्वां महादेव मंदिर में सावन माह के धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ गुरुवार को विधि-विधान के साथ हो गया। पहले दिन गणपति स्थापना, मंडल पूजा एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना के साथ माहभर चलने वाले आयोजनों की शुरुआत हुई। अब 28 अगस्त तक भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, विशेष पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान प्रतिदिन आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान राजस्थान के अलावा मध्यप्रदेश, गुजरात सहित अन्य राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पहुंचने की संभावना है।

मंदिर ट्रस्ट के सचिव मांगीलाल धाकड़ ने बताया कि सावन माह में प्रतिदिन प्रातःकाल भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप एवं विशेष पूजा-अर्चना होगी।

श्रद्धालु परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, अच्छी वर्षा, खुशहाली और मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भोलेनाथ की आराधना करेंगे।





### एक माह तक चलेंगे धार्मिक आयोजन

उन्होंने बताया कि 17 अगस्त को नागपंचमी पर विशेष कालसर्प दोष शांति पूजा होगी। 26 अगस्त को मंडल हवन, महारुद्र हवन, महामृत्युंजय हवन एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा। 27 अगस्त को 11 विद्वान पंडितों के सानिध्य में सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक सहस्त्रधारा अभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जप-अनुष्ठान होंगे। सायंकाल पुष्पांजलि एवं देव विसर्जन किया जाएगा। वहीं 28 अगस्त को हेमाद्रि ऋषि पूजन, यज्ञोपवीत पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ धार्मिक आयोजनों का समापन होगा।

### चर्म रोग से राहत की आस्था

मंदिर के सामने स्थित पवित्र कुंड और वहां की पवित्र मिट्टी के प्रति श्रद्धालुओं की वर्षों पुरानी आस्था है। स्थानीय मान्यता के अनुसार श्रद्धापूर्वक कुंड में स्नान करने और मिट्टी का लेप करने से चर्म रोग एवं शरीर के कुछ कष्टों से राहत मिलने की मान्यता है। इसी विश्वास के कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचती है।

### प्राकृतिक सौंदर्य के बीच बसा है शिवधाम

अरावली अंचल की प्राकृतिक वादियों के बीच स्थित तिलस्वां महादेव धाम धार्मिक महत्व के साथ प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है। सावन में पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठता है। गुरुवार को शुभारंभ के अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भगवान भोलेनाथ का विशेष अभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर देश में सुख-शांति, अच्छी वर्षा, किसानों की समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली और आपसी भाईचारे की कामना की।

ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, दर्शन, सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की हैं।

# 18 वर्षों से तबादलों का इंतजार कर रहे शिक्षकों का फूटा आक्रोश, 5 अगस्त को महा आंदोलन की चेतावनी



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

तृतीय श्रेणी शिक्षक संघर्ष समिति के प्रदेश सहसंयोजक सोजी राम माली के नेतृत्व में गुरुवार को कोटड़ी ब्लॉक के तृतीय श्रेणी शिक्षकों ने अपनी लंबित स्थानांतरण मांग को लेकर उपखंड कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 5 अगस्त को प्रदेशव्यापी महा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में शिक्षकों ने बताया कि राजस्थान के तृतीय श्रेणी शिक्षक (लेवल-1, लेवल-2, पीटीआई एवं प्रबोधक) वर्ष 2008 से अपने गृह जिले में स्थानांतरण का इंतजार कर रहे हैं। पिछले 18 वर्षों से स्थानांतरण नहीं होने के कारण हजारों शिक्षक अपने परिवार से दूर सेवाएं देने को मजबूर हैं। शिक्षकों का कहना है कि राज्य सरकार ने अन्य विभागों में तबादलों से रोक हटा दी है लेकिन तृतीय श्रेणी शिक्षकों के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है।शिक्षकों ने सरकार से मांग की कि रीट 2024 भर्ती के चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने से पहले तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण किए जाएं ताकि वर्षों से प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों को न्याय मिल सके। संघर्ष समिति ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो 5 अगस्त को प्रदेशभर में व्यापक महा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में तृतीय श्रेणी शिक्षक मौजूद रहे और उन्होंने एक स्वर में अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए शीघ्र स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग की।



QUICK BITES

## सावन के पहले दिन शिवालयों में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़, गूंजे बम-बम जयकारें

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव )**:- भगवान शिव को समर्पित सावन माह की शुरुआत के साथ ही सवाईपुर क्षेत्र के ग्रामीणों अंचल के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, सावन के पहले दिन गुरुवार सुबह से ही सवाईपुर, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ढ़ेलाणा, सोपुरा जाटों का, रेड़वास, कुड़ी, बोरखेड़ा, बोर्डियास, खजीना, कांदा, जित्यास, नोहरा, सोलंकिया का खेड़ा आदि कई गांवों में शिव मंदिरों में दर्शन और जलाभिषेक के लिए लंबी कतारें देखने को मिलीं, शिवभक्त हाथों में गंगाजल, बेलपत्र और पूजा सामग्री लेकर भोलेनाथ के जयकारों के बीच मंदिर पहुंचे, पूरे माह चलने वाली शिव आराधना की शुरुआत उत्साह और भक्ति के माहौल के बीच हुई ।

## अजय खोईवाल बने एनएसयूआई राजस्थान के प्रदेश सचिव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई ने संगठन विस्तार करते हुए भीलवाड़ा के अजय खोईवाल को राजस्थान प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर एनएसयूआई राजस्थान के संगठन महासचिव मुकेश नराणियां द्वारा की गई है।
छात्र नेता विजेश कुमार चंदेल ने बताया कि रिको चौथा फेज स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी अजय खोईवाल, स्वर्गीय देवीलाल खोईवाल के पुत्र हैं। संगठन ने उन्हें प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपते हुए विश्वास जताया है कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के साथ अपने दायित्वों का निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।
अजय खोईवाल की नियुक्ति पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं, छात्र नेताओं एवं समर्थकों ने खुशी व्यक्त करते हुए संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। साथ ही नवनियुक्त प्रदेश सचिव को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

## 5 अगस्त को सावर पालिका मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन, डॉ. रघु शर्मा ने की अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**दिलखुश**



प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार, बजरी से जुड़े कथित भ्रष्टाचार, केकड़ी क्षेत्र में रुके विकास कार्यों तथा विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर 5 अगस्त को सावर नगर पालिका मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।
पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर जनहित के मुद्दों की आवाज़ बुलंद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में आ रही बाधाओं तथा जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया जाएगा।
प्रस्तावित कार्यक्रम में विकास चौधरी भी शामिल होंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में तैयारियां शुरू हो गई हैं और बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति की संभावना जताई जा रही है।




# डीपीसी कल्पना शर्मा ने किया महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय काछोला का निरीक्षण, 'मिशन पढ़ो राजस्थान' पर दिया जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) कल्पना शर्मा ने गुरुवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय काछोला का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं, शिक्षण कार्य और विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए स्टाफ की कार्यशैली की सराहना की।
निरीक्षण के दौरान विद्यालय में संचालित 'मिशन पढ़ो राजस्थान' रीडिंग प्रमोशन अभियान के तहत विद्यार्थियों को नियमित



पुस्तक पठन के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि पुस्तक पढ़ने की आदत विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं भाषाई विकास के साथ-साथ उनकी रचनात्मक क्षमता को भी बढ़ाती है।
विद्यालय की प्रधानाचार्य सोनिया स्वर्णकार ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के कारण बच्चों का पुस्तकों से जुड़ाव कम हो रहा है। इससे उनकी एकाग्रता और अध्ययन क्षमता प्रभावित होती है। उन्होंने अभिभावकों से घर में अध्ययन का अनुकूल माहौल बनाने तथा बच्चों को प्रतिदिन पुस्तक पढ़ने के लिए प्रेरित करने की अपील की।
कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने नियमित पुस्तक पठन का संकल्प लिया और अपने साथियों को भी 'मिशन पढ़ो राजस्थान' अभियान से जोड़ने का संकल्प व्यक्त किया।
निरीक्षण के दौरान जिला प्रोग्राम अधिकारी सुनील पोरवाल भी मौजूद रहे। विद्यालय स्टाफ ने अधिकारियों का स्वागत कर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी, जिस पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

# बरसात की कामना को लेकर बंद रहा आकोला कस्बा

## भेरूनाथ की पूजा-अर्चना कर की बरसात की कामना





**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**

**जसवंत पारीक**

कस्बे सहित क्षेत्र में अच्छी वर्षा की कामना को लेकर गुरुवार को कस्बा पूरी तरह बंद रहा। व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर इस धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई। इस दौरान ग्रामीणों एवं कस्बावासियों ने भगवान भेरूनाथ के मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र में अच्छी बारिश और खुशहाली की प्रार्थना की।
पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में सुख-समृद्धि, किसानों की अच्छी फसल और जनकल्याण की कामना की। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, व्यापारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे और लोगों ने एकजुट होकर इंद्रदेव से अच्छी वर्षा की प्रार्थना की।

# महर्षि श्रृंगी ऋषि के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प, होनहार विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचन्द पेसवानी**

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिखवाल समाज द्वारा फूलियागेट स्थित लालदासजी की बगीची में अवस्थित महर्षि श्रृंगी ऋषि मंदिर में श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता का भव्य संगम देखने को मिला। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-पूजन, भजन-कीर्तन और प्रतिभा सम्मान समारोह के बीच समाजजनों ने महर्षि श्रृंगी ऋषि के आदर्शों पर चलने तथा समाज की उन्नति एवं संगठन को सशक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।
सिखवाल समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं शाहपुरा इकाई के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश ओझा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित नागजीराम एवं हरिनारायण के सान्निध्य में वैदिक विधि-विधान से हवन, शांति पाठ, पूजा-अर्चना एवं महाआरती के साथ हुआ। समाजजनों ने अपने आराध्य एवं कुलगुरु महर्षि श्रृंगी ऋषि के चरणों में श्रद्धासुमन



अर्पित कर समाज की सुख-समृद्धि, प्रगति और आपसी सौहार्द की कामना की।
कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने मंदिर प्रांगण में भक्ति रस से ओतप्रोत भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गुरु महिमा और भारतीय संस्कृति से जुड़े भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।
इस अवसर पर समाज के मेधावी एवं होनहार विद्यार्थियों का भी उत्साहवर्धन किया गया। स्वर्गीय श्री रमेशचंद्र ओझा स्मृति संस्थान की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। वक्ताओं ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान समाज के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है और इससे युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष सोमेश्वर व्यास एवं विजय व्यास तथा स्वर्गीय श्री रमेशचंद्र ओझा स्मृति संस्थान के अखिल व्यास ने समाज के भामाशाहों द्वारा कराए गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी देते हुए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति सामूहिक सहयोग, शिक्षा और संगठन की शक्ति से ही संभव है।
अध्यक्षीय उद्बोधन में सूर्यप्रकाश ओझा ने समाजजनों से सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने, संगठन को मजबूत बनाने तथा सेवा और समर्पण की भावना के साथ समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल गुरु वंदना का पर्व नहीं, बल्कि आत्ममंथन, संस्कार और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का भी संदेश देती है। यदि समाज एकजुट होकर कार्य करेगा तो विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करना सहज होगा।
कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। आत्मीयता और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ यह आयोजन समाज में धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और संगठनात्मक एकजुटता का प्रेरक संदेश देकर संपन्न हुआ।

# गुरु ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला : शाहपुरा में गुरु वंदन कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**मूलचंद पेसवानी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) जिला शाहपुरा के तत्वावधान में आदर्श विद्या मंदिर, गांधीपुरी में गुरुवार को 'गुरु वंदन कार्यक्रम' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कार, भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर मंथन किया गया। इस अवसर पर जिलेभर से आए सैकड़ों शिक्षकों का सम्मान किया गया।
जिला मंत्री अमर सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने कहा कि गुरु केवल शिक्षा देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने आचरण, नैतिक मूल्यों



और संस्कारों से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। इसलिए शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण और राष्ट्रभक्ति के संस्कार देना भी शिक्षकों का दायित्व है।
मुख्य वक्ता सूर्य प्रकाश शर्मा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि चरित्रवान, कर्तव्यनिष्ठ और राष्ट्रभक्त नागरिक तैयार करना है। उन्होंने भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा को शिक्षा व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए इसे पुनः सशक्त बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश उपाध्यक्ष भंवर सिंह राठौड़ ने कहा कि शिक्षक समाज का पथ-प्रदर्शक होता है। विद्यार्थियों को केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार करना ही एक शिक्षक की वास्तविक भूमिका है।
विशिष्ट अतिथि एवं संभाग संगठन मंत्री महेश कुमार शर्मा ने कहा कि 'गुरु वंदन' जैसे आयोजन नई पीढ़ी में गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं जिलाध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान समाज के उज्ज्वल भविष्य का सम्मान है।
कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. सत्यनारायण कुमावत, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा, विभाग संगठन मंत्री महेश कुमार शर्मा (केकड़ी), आरपी प्रशांत चौधरी, शंकरलाल जाट, राजेश माली, चंद्रशेखर शर्मा, प्राचार्य धारा सिंह मीणा, अनिल बघेरवाल, लोकेश धाभाई सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, संगठन पदाधिकारी एवं जिलेभर से आए सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# ज्ञान ही मिटाता है अज्ञान का अंधकार, सत्संग हृदय में उतरे तभी खुलते हैं पुण्य के द्वार : जगद्गुरु रामदयालजी महाराज





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

विश्व शांति कल्याण चातुर्मास के अंतर्गत गुरुवार को आयोजित दैनिक सत्संग में अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय, शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगद्गुरु आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने ज्ञान, आत्मबोध, राम नाम और सद्गुरु की महिमा पर श्रद्धालुओं को प्रेरक संदेश दिए। सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आचार्यश्री ने कहा कि 'अपने ज्ञान के द्वारा अपने अज्ञान को समाप्त करना ही जीवन की सबसे बड़ी साधना है। केवल गंगा स्नान या सत्संग में उपस्थित होने से नहीं, बल्कि जब सत्संग हृदय में उतरता है, तभी पुण्य के द्वार खुलते हैं।' उन्होंने कहा कि मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु उसका अज्ञान है, जिसका नाश केवल आत्मज्ञान और सद्गुरु की कृपा से ही संभव है।

### श्रीकृष्ण और अर्जुन के संबंध को बताया आदर्श

श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण समस्त मानवता के जगद्गुरु हैं और अर्जुन आदर्श शिष्य। आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए आत्मजागृति आवश्यक है। जब मनुष्य स्वयं को पहचान लेता है, तभी जीवन का वास्तविक उद्देश्य समझ में आता है।

### राम नाम को बताया जीवन का आधार

आचार्यश्री ने कहा कि जीवन की प्रत्येक उपलब्धि का आधार भगवान का नाम है। उन्होंने कहा कि राम नाम का स्मरण मनुष्य को भय, मोह और जन्म-मरण के बंधन से मुक्त करने की शक्ति रखता है। यदि जीवन के अंतिम क्षणों में भी भगवान का स्मरण रहे तो जीवन सफल हो जाता है।

### दुःख भी ईश्वर का संदेश

उन्होंने कहा कि सुख में मनुष्य ईश्वर को भूल जाता है, जबकि दुःख उसे परमात्मा के निकट ले जाता है। पीड़ा और संघर्ष भी जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से विपरीत परिस्थितियों को भी ईश्वर का संदेश मानकर स्वीकार करने का आह्वान किया।

### सद्गुरु ही दिखाते हैं मुक्ति का मार्ग

आचार्यश्री ने कहा कि वास्तविक सद्गुरु वही है जो शिष्य को उसके वास्तविक स्वरूप का बोध कराए और मुक्ति का मार्ग दिखाए। ज्ञान वही है जो अज्ञान को चुनौती दे और मनुष्य को ईश्वर से जोड़ दे। सत्संग से पूर्व अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के संत मनोरथरामजी महाराज (आलोट) ने श्रीरामचरितमानस पर प्रवचन दिए। इसके बाद भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रवचन के समापन पर श्रद्धालुओं ने जगद्गुरु आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### प्रतिदिन हो रहे हैं धार्मिक आयोजन

विश्व शांति कल्याण चातुर्मास के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 8:30 से 9 बजे तक रामधुनी एवं वाणीजी का पाठ तथा सुबह 9 से 10 बजे तक सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। वहीं प्रतिदिन सूर्यास्त के समय संध्या आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

# रामनिवास धाम में जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री किट का वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**



रामनिवास धाम में प्रत्येक माह 25 जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री किट वितरित करने की सेवा योजना के अंतर्गत गुरुवार को अगस्त माह की राशन किटों का वितरण किया गया।

यह सेवा कार्य स्वर्गीय बालकृष्ण सर्राफ (ग्वालियर) की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र रामनारायण, रामप्रकाश, रामप्रताप (पप्पू) सर्राफ एवं समस्त मंगलम परिवार, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) की ओर से संपन्न कराया गया। रामनिवास धाम के कार्यवाहक भंडारी संत श्री नवनिध राम जी की प्रेरणा से शाहपुरा क्षेत्र के गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों को राशन सहायता सामग्री किट वितरित की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लाभार्थियों ने सेवा कार्य के लिए दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

रामनिवास धाम परिवार ने स्वर्गीय बालकृष्ण सर्राफ की पुण्य स्मृति में किए गए इस सेवा कार्य के लिए उनके समस्त परिवार के प्रति हार्दिक साधुवाद एवं कृतज्ञता व्यक्त की।

# सावर उपखंड के ई-मित्र संचालकों ने विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**दिलखुश**



संपूर्ण राजस्थान में ग्राम पंचायतों में कार्यरत ई-मित्र प्लस ऑपरेटर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला स्तर पर ज्ञापन सौंप रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को सावर उपखंड क्षेत्र के ई-मित्र संचालकों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर अजमेर सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

ई-मित्र संघ के प्रतिनिधि द्वारका प्रसाद चंदेल (गुलगांव) ने बताया कि राज्य की ग्राम पंचायतों में ई-मित्र प्लस ऑपरेटर पिछले लगभग 10 वर्षों से बिना किसी मानदेय के सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न शिविरों में भी ऑपरेटरों से निशुल्क कार्य कराया जाता है, जिससे उनके सामने आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि ई-मित्र संचालक राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, इसके बावजूद उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से ई-मित्र संचालकों ने मांग की कि ई-मित्र प्लस ऑपरेटरों को संविदा नियमों के तहत शामिल किया जाए, नियमित मानदेय दिया जाए, सेवा शुल्क (कमिशन) में वृद्धि की जाए, माइग्रेशन की स्वतंत्रता प्रदान की जाए तथा माइग्रेशन प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए।

संचालकों ने चेतावनी दी कि यदि 15 अगस्त तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

इस दौरान द्वारका प्रसाद चंदेल, अशोक मीणा, हरिहर पारीक, भागचंद कहार, शिवराज कुमावत, अंबालाल मीणा, भैरूलाल गुर्जर, रामदयाल जांगिड़ सहित जिले के अनेक ई-मित्र संचालक उपस्थित रहे।

# माता-पिता को धर्म का सहारा देना ही संतान का सच्चा फर्ज : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनीत चपलोत।** श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने कहा कि माता-पिता के उपकारों का ऋण केवल उनकी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति से नहीं चुकाया जा सकता। संतान का वास्तविक दायित्व है कि वह उन्हें धर्म का सहारा दे, साधना के लिए प्रेरित करे और आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने में सहयोगी बने। वे शांतिभवन में धर्मचक्र तप के अंतर्गत तेले तपस्वियों के सामूहिक पारणे के अवसर पर आयोजित धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे।

युवाचार्यश्री ने कहा कि माता-पिता ने निस्वार्थ भाव से संतान का पालन-पोषण किया और जीवन का आधार दिया। ऐसे उपकारों का मूल्य केवल सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराकर नहीं चुकाया जा सकता। उन्होंने कहा कि जीवन में दृष्टिकोण व्यापक होना चाहिए।

जिस प्रकार हिमालय की ऊंचाई को छोटे पैमाने से नहीं मापा जा सकता, उसी प्रकार माता-पिता और गुरुजनों के उपकारों का आकलन भी सीमित सोच से नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि संतान का सबसे बड़ा कर्तव्य अपने माता-पिता को धर्म, साधना और संतों के सान्निध्य से जोड़ना है। यही उनके प्रति सच्ची सेवा और सम्मान है। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में जिन लोगों ने ज्ञान, संस्कार और धर्म का मार्ग दिखाया है, उनके प्रति कृतज्ञ रहना और आवश्यकता पड़ने पर उनका सहयोग करना भी मानव का दायित्व है।

सभा से पूर्व साध्वी चिंतनश्री ने कहा कि मनुष्य को अपनी शक्ति का उपयोग आत्मकल्याण और धर्म साधना में करना चाहिए तथा जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करना चाहिए।

शांतिभवन के मंत्री नवरतनमल भलावत ने बताया कि धर्मचक्र तप के अंतर्गत 300 से अधिक तेले तपस्वियों का सामूहिक पारणा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

पारणे के लाभार्थी सुशील कुमार एवं जितेश चपलोत परिवार रहे।

इस अवसर पर श्रीसंघ संरक्षक नवरतन बंब, अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चीपड़, चातुर्मास संयोजक कंवरलाल सूरिया सहित महावीर युवक मंडल, शांति जैन महिला मंडल, अंबेश युवक मंडल एवं विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने तपस्वियों का सम्मान कर तप की अनुमोदना की तथा आयोजन की व्यवस्थाओं में सहयोग दिया।

## QUICK BITES

### फलोदी में 3 अगस्त को निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा, पांच पवित्र नदियों के जल से होगा महाजलाभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**

**रोशन ।** सावन माह के पावन अवसर पर आगामी सोमवार को ग्राम फलोदी में विशाल कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। श्रद्धा और भक्ति से सराबोर इस यात्रा में श्रद्धालु हरिद्वार की गंगा, उज्जैन की शिप्रा, त्रिवेणी संगम सहित पांच पवित्र नदियों का जल कांवड़ में लेकर भगवान शिव का महाजलाभिषेक करेंगे।

आयोजन समिति के सदस्य दीपक पांड्या ने बताया कि कांवड़ यात्रा प्रातः त्रिवेणी महादेव से रवाना होकर बिगोद, खटवाड़ा, महेता जी का खेड़ा, सुरास, बड़लियास, जित्या और रेणवास होते हुए आमां चौराहा पहुंचेगी। यहां ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं शिवभक्तों की ओर से कांवड़ियों का पुष्पवर्षा, जयघोष और श्रद्धाभाव के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा।

इसके बाद यात्रा फलोदी स्थित ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी, जहां पांचों पवित्र नदियों के जल से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान भोलेनाथ का महाजलाभिषेक किया जाएगा। यात्रा के दौरान धर्म ध्वज, भजन-कीर्तन और शिवभक्ति से पूरा वातावरण भक्तिमय रहेगा।

### बारिश में तिरपाल तानकर करना पड़ा अंतिम संस्कार, श्मशान घाट की बदहाल व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



मूसलाधार बारिश के बीच गुरुवार को खामोर गांव के चानियां तालाब के पास स्थित श्मशान घाट पर एक बुजुर्ग का अंतिम संस्कार अव्यवस्थाओं के बीच करना पड़ा। क्षतिग्रस्त टीनशेड से लगातार पानी टपकने के कारण चिता की लकड़ियां भीगने लगीं। ऐसे में परिजनों और ग्रामीणों ने तिरपाल तानकर किसी तरह अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की। इस घटना के बाद श्मशान घाट पर मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। जानकारी के अनुसार, बावरी समाज के 65 वर्षीय मोहन बावरी का अंतिम संस्कार चानियां तालाब के निकट स्थित श्मशान घाट पर किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। श्मशान घाट पर बना टीनशेड क्षतिग्रस्त होने से लगातार पानी टपकता रहा, जिससे चिता की लकड़ियां भीग गईं। परिजनों और ग्रामीणों ने तिरपाल की व्यवस्था कर चिता को ढंकते हुए अंतिम संस्कार संपन्न कराया।

ग्रामीणों ने बताया कि श्मशान घाट पर न पर्याप्त टीनशेड है, न विश्राम गृह और न ही बारिश या धूप से बचाव की कोई समुचित व्यवस्था। अंतिम संस्कार में शामिल लोगों को भी बारिश से बचने के लिए इधर-उधर शरण लेनी पड़ी।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से श्मशान घाट पर टीनशेड सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की जा रही है। कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को भी अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों के अनुसार, राज्यास रोड स्थित करीब चार बीघा भूमि वाला श्मशान घाट राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। इसके बावजूद वहां आज तक पर्याप्त टीनशेड, विश्राम गृह, पक्का पहुंच मार्ग और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित नहीं की गई हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोनों श्मशान घाटों पर जल्द से जल्द टीनशेड, विश्राम गृह, पक्का रास्ता और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी परिवार को अंतिम विदाई जैसे संवेदनशील अवसर पर ऐसी कठिन परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़े।

### रूडसेट संस्थान के निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों की दी जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**



**रोशन ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को रूडसेट संस्थान की ओर से विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन एवं कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संस्थान में संचालित विभिन्न निःशुल्क प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की जानकारी देकर युवाओं को स्वरोजगार एवं कौशल विकास के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य शिवराज मीणा ने बताया कि सुवाणा स्थित रूडसेट संस्थान के वरिष्ठ संकाय प्रभारी अनिल कुमार ने कक्षा 10 से 12 तक के विद्यार्थियों को संस्थान की गतिविधियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम विनोद कंवर खंगारोत के सानिध्य में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

संकाय प्रभारी ने बताया कि संस्थान में वर्तमान में 26 प्रकार के निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें आठवीं पास तथा 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग का कोई भी इच्छुक व्यक्ति आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के साथ संस्थान में प्रवेश, आवास और भोजन की सुविधा भी पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

### अच्छी बारिश और खुशहाली की कामना के साथ निकली घास भेरूजी महाराज की सवारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**मानव तिवाड़ी।** क्षेत्र के माजी साहब का खेड़ा गांव में गुरुवार को परंपरा और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। अच्छी बारिश, समृद्ध फसल और क्षेत्र की खुशहाली की कामना को लेकर घास भेरूजी महाराज की भव्य सवारी पूरे गांव में श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेते हुए जयकारों के बीच भगवान के दर्शन किए। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार सुसज्जित सवारी गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। सवारी के साथ चल रहे श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयघोष करते हुए भगवान से अच्छी वर्षा और सुख-समृद्धि की प्रार्थना करते रहे। गांव में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने सवारी का स्वागत कर श्रद्धाभाव व्यक्त किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। गांव का भ्रमण पूर्ण होने के बाद सवारी मंदिर परिसर पहुंची, जहां विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घास भेरूजी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में अच्छी वर्षा, किसानों की समृद्धि और जनकल्याण की कामना करते हुए भगवान से सुख-शांति का आशीर्वाद मांगा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।